# हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी

## Board of School Education Haryana, Bhiwani

(Established Under Haryana Board of School Education Act, 1969)

## प्रेस नोट

NOTIFICATION 71 /2025

No.BSEH/SRS/2025 DATE- 31.12.2025

विषय– सैकेण्डरी/सीनियर सैकेण्डरी (शैक्षिक) वार्षिक परीक्षा फरवरी/मार्च–2026 के परीक्षार्थियों की चैकलिस्ट जारी करने तथा ग्रामीण सरकारी/गैर सरकारी स्थाई मान्यता प्राप्त तथा अस्थाई मान्यता प्राप्त विद्यालयों/गुरूकुल/विद्यापीठ से केन्द्र आप्शन भरवाने बारे।

सैकेण्डरी एवं सीनियर सैकेण्डरी (शैक्षिक) वार्षिक परीक्षा फरवरी/मार्च–2026 के लिए सभी सरकारी/गैर सरकारी स्थाई मान्यता प्राप्त विद्यालयों के परीक्षार्थियों की चैक लिस्ट विद्यालयों की लॉगिन आई0डी0 पर 01.01.2026 से तथा अस्थाई मान्यता प्राप्त विद्यालयों की चैकलिस्ट दिनांक 03.01.2026 से अपलोड की जा रही है। विद्यालय मुखिया, विद्यालयों को जारी किए गए लॉगिन आई0डी0 व पासवर्ड से चैकलिस्ट डाउनलोड कर सकते हैं।

सभी सरकारी एवं गैर सरकारी स्थाई मान्यता प्राप्त विद्यालयों के परीक्षार्थियों की चैक लिस्ट में दर्ज विवरणों जैसे विषय, फोटो, हस्ताक्षर, आधार नम्बर, विषय का माध्यम की शुद्धियाँ दिनांक 01.01.2026 से 07.01.2026 तक तथा अस्थाई मान्यता प्राप्त विद्यालयों की चैक लिस्ट में दर्ज विवरणों में शुद्धियाँ दिनांक 03.01.2026 से 07.01.2026 तक निःशुल्क ऑनलाईन पोर्टल पर ठीक कर सकते हैं। इन विवरणों के अतिरिक्त यदि विद्यालय द्वारा परीक्षार्थी/परीक्षार्थियों के अन्य विवरणों में शुद्धि करवाई जानी है तो विद्यालय मुखिया/प्रतिनिधि सम्बन्धित परीक्षा शाखा में व्यक्तिगत रूप से साक्ष्यों सहित उपस्थित होकर कार्यालय कार्यदिवसों में नियमानुसार शुद्धि शुल्क के साथ कटलिस्ट जारी होने तक शुद्धि करवा सकते हैं।

इसके अतिरिक्त यदि परीक्षार्थी पहले लिए गए विषयों के स्थान पर कोई प्रायोगिक विषय लेता है, तो उस अवस्था में 100/–रू0 प्रति परीक्षार्थी प्रायोगिक शुल्क सहित **Online Portal** पर शुद्धि कर सकते हैं।

सीनियर सैकण्डरी परीक्षा से संबंधित कोई परीक्षार्थी पांच अनिवार्य विषयों के अतिरिक्त छटा विषय लेना चाहता है, तो उस अवस्था में 200/–रू0 अतिरिक्त विषय शुल्क के साथ–साथ 1000/–रूपये विलम्ब शुल्क सहित **Online Portal** पर शुद्धि कर सकते हैं। यदि परीक्षार्थी द्वारा अतिरिक्त विषय के रूप में प्रायोगिक विषय का चयन किया जाता है तो 100/– रू0 प्रायोगिक शुल्क भी देय होगा।

उक्त के अतिरिक्त सैकेण्डरी/सीनियर सैकेण्डरी (शैक्षिक) वार्षिक परीक्षा फरवरी/मार्च–2026 हेतु ग्रामीण क्षेत्र के राजकीय/गैर राजकीय स्थाई मान्यता प्राप्त तथा अस्थाई मान्यता प्राप्त विद्यालयों/गुरूकुल/विद्यापीठों द्वारा दिनांक 01.01.2026 से 07.01.2026 तक ऑन–लाईन माध्यम से केन्द्र ऑप्शन भरी जानी है। सभी विद्यालय मुखिया विद्यालय की Login ID से बोर्ड की आधिकारिक वैबसाईट पर www.bseh.org.in पर उपलब्ध लिंक से केन्द्र ऑप्शन भर सकते है। विद्यालयों द्वारा प्राथमिकता क्रम में पांच ग्रामीण/शहरी परीक्षा केन्द्र भरे जाने है। सम्बन्धित विद्यालय मुखिया पांचों परीक्षा केन्द्रों की प्राथमिकता निर्धारित अवधि में भरना सुनिश्चित करें।

अतः सभी प्रधानाचार्य/मुख्याध्यापक उपरोक्त वर्णित अनुसार समय रहते कार्यवाही करना सुनिश्चित करें इसके उपरांत दिए गए किसी भी प्रतिवेदन पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

सचिव